जन्मे कन्हैया ले लो बलायियां | by Sunil Sarvottam

धन्य धन्य है गोकुल वासी
धन्य है गोकुल धाम
कृष्ण रूप अवतार लियो है
नारायण भगवान........

नन्द जसोदा के घर जन्मो छोटो सो कन्हैया
लेलो लेलो जी बलैयां, लेलो लेलो जी बलैयां
झूम रहे हैं मथुरा वासो, नन्द जसोदा मैया
लेलो लेलो जी बलैयां, लेलो लेलो जी बलैयां

कान्हा जी के दर्शन करने आये नर नारी
स्वर्ग से देवी देवता आये भोलेनाथ भंडारी
भोलेनाथ भंडारी ......
प्यारे प्यारे मोर भी आये और आई गैया
लेलो लेलो जी बलैयां, लेलो लेलो जी बलैयां

कान्हा जी के नैनो पे हम जाएँ बलिहारी
कान्हा की मुस्कान पे हम जाएँ बलिहारी
जाएँ बलिहारी ....
छोटे से पलने से झांके छोटी छोटी पैयां
लेलो लेलो जी बलैयां, लेलो लेलो जी बलैयां

कान्हा जी के जन्म से खिले वन उपवन
कान्हा जी के दर्शन अति मन भावन
अति मन भावन.........
नारायण अवतार कान्हा पार करेंगे नैया
लेलो लेलो जी बलैयां, लेलो लेलो जी बलैयां

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%ae%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%ac%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%af%e0%a4%bf/